हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 1 मार्च 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 महिला को आत्महत्या करने उकसाने वाले दो ...



07 विज्ञान और तकनीकी में महिलाओं की भूमिका...



## खबर संक्षेप

### होली पर 4 दिवसीय मेले का शुभारंभ हुआ



**विदिशा।** जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने दीप प्रज्वलित कर होली के रंग आजीविका के संग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 4 दिवसीय होली मेले का उन्होंने निरीक्षण कर विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण किया। इस दौरान जिला परियोजना प्रबंधक संजय चौरसिया एवं आजीविका मिशन की जिला स्तरीय टीम भी उपस्थित रही। मेले में स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित जैविक सब्जियां, बासमती चावल, अचार, पापड़, बेसन के लड्डू, गुजिया, नमकीन, गुलाल, पिचकारी, गोबर के उपले और नींबू का अचार सहित अनेक घरेलू उत्पादों का विक्रय किया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने सामग्री क्रय कर उत्साहवर्धन किया।

### कॉलेज में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। वर्षभर आयोजित शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल एवं अन्य प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने एकल व समूह नृत्य तथा संगीत की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। जनभागीदारी समिति की पूर्व अध्यक्ष सुमन सोनी ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन एवं प्राचार्य बीड़ी अहिरवार सहित गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

### नवागत थाना प्रभारी का किया स्वागत



**ग्यारसपुर।** होली एवं रंगपंचमी के पावन अवसर पर ग्यारसपुर में जनरलिस्ट्स यूनियन के पत्रकारों ने थाना कार्यालय पहुंचकर नवागत थाना प्रभारी गोकुल अजनेरिया का स्वागत किया। पत्रकार साथियों ने उन्हें फूल-माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर त्योहार की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पत्रकारों और पुलिस प्रशासन के बीच आपसी समन्वय एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। थाना प्रभारी ने कहा कि मीडिया समाज का महत्वपूर्ण स्तंभ है और कानून व्यवस्था बनाए रखने में उसकी भूमिका सराहनीय है। उन्होंने आगामी त्योहारों के दौरान शांति, सुरक्षा और सौहार्द कायम रखने में सहयोग की अपेक्षा जताई। इस दौरान तहसील अध्यक्ष देवेंद्र धाकड़ सहित पत्रकार मौजूद रहे।

### कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षकों को दी विदाई



**विदिशा।** प्राथमिक शाला पठारी हवेली के सहायक शिक्षक मुकेश श्रीवास्तव एवं शासकीय प्राथमिक शाला चिड़ोरिया की सहायक शिक्षिका शफीका बानो के सेवानिवृत होने पर शासकीय उमा विद्यालय माधवगंज क्र. 2 में विदाई समारोह आयोजित किया गया। स्टाफ व अतिथियों ने उन्हें शाल-श्रीफल व पुष्पमालाओं से सम्मानित किया। शाला प्रभारी राजेन्द्र ठाकुर ने विदाई गीत प्रस्तुत कर माहौल भावुक बना दिया। पूर्व बीआरसी, सीआरसी सहित अनेक शिक्षक व परिजन उपस्थित रहे। सभी ने उनके स्वस्थ, सुखद व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई

# वाहन चेकिंग से मचा हड़कंप, तीन सवारी 60 वाहनों पर कार्रवाई, 42 हजार के चालान काटे

***शनिवार को सिविल लाइन थाना क्षेत्र में दो पहिया वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई से हड़कंप मच गया। कार्रवाई में करीब 60 वाहन चालक पकड़ाएं। जिनके पास दस्तावेजों की कमी थी तो कोई तीन सवारी वाहन चला रहा था। कार्रवाई देख कई वाहन चालकों ने रास्ते बदल दिए तो कोई बहाने बनाकर छोड़ देने की मिन्नतें करता नजर आया। यातायात पुलिसे ने करीब 42 हजार रुपए के चालान काटे। वाहन चालकों को नियम अनुसार वाहन चलाने की नसीहत दी गई।***

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सड़क सुरक्षा को लेकर जिले में सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार को जिला न्यायालय परिसर के सामने विशेष मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया। यह कार्रवाई प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम के मार्गदर्शन में तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) अम्बुज श्रीवास्तव के नेतृत्व में की गई।

मोबाइल कोर्ट के दौरान पुलिस और यातायात विभाग की संयुक्त टीम ने मुख्य रूप से बिना बीमा वाहनों एवं ट्रिपलिंग कर रहे दोपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। जांच के दौरान कई दोपहिया वाहनों को रोककर दस्तावेजों की जांच की गई और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में लगभग 42 हजार रुपए का अर्थदंड मौके पर ही वसूल किया गया। जेएमएफसी अम्बुज श्रीवास्तव ने बताया कि यह अभियान सड़क सुरक्षा जागरूकता के अंतर्गत चलाया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वाहन का बीमा न होने की स्थिति में दुर्घटना के दौरान घायल या मृत व्यक्तियों को बीमा क्लेम का लाभ नहीं मिल पाता, जिससे उनके परिजनों को गंभीर आर्थिक हानि का सामना करना पड़ता है। इसलिए वाहन चालकों को नियमों का पालन करना अनिवार्य है। इस दौरान जेएमएफसी कादिर खान एवं साकेत जैन, सिविल लाइन थाना प्रभारी आरके मिश्रा तथा ट्रैफिक थाना प्रभारी आशीष राय सहित पुलिस बल मौजूद रहे। न्यायालय द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि भविष्य में मोटरयान अधिनियम के अन्य प्रावधानों के उल्लंघन जैसे सीट बेल्ट न लगाना, हेलमेट न पहनना, खतरनाक तरीके से वाहन चलाना, अवैध रूप से वाहन में हूटर या सायरन लगाना या यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ में मोबाइल कोर्ट लगाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, वाहन का वैध बीमा कराएं और आवश्यक दस्तावेज साथ रखें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जान-माल की हानि से बचा जा सके।



**विदिशा।** मोबाइल कोर्ट के दौरान सिविल लाइन पुलिस और यातायात विभाग की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई।

- बीमा न होने की स्थिति में दुर्घटना के दौरान घायल या मृत व्यक्तियों को बीमा क्लेम का लाभ नहीं मिल पाता।

### नरवाई जलाने पर रोक, स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम अनिवार्य

## कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सख्त आदेश जारी किए हैं। निर्देशानुसार अब नरवाई जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा फसल कटाई के बाद खेतों में बचे अवशेषों के प्रबंधन हेतु स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) का उपयोग अनिवार्य किया गया है।



आदेश में कहा गया है कि गेहूं सहित अन्य फसलों की कटाई के बाद अवशेषों में आग लगाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है, मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है और पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। साथ ही आगजनी से जन-धन हानि की आशंका भी रहती है।

कृषि विभाग, जनपद व तहसील स्तर पर बैठक कर एसएमएस लागू कराया जाएगा। हार्वेस्टर संचालकों को लिखित निर्देश दिए जाएंगे। उल्लंघन पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई होगी।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में 110 करोड़ की सड़कों को मंजूरी

## 190 किमी सड़कों का होगा निर्माण 124 बसाहटों को मिलेगा सीधा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 के अंतर्गत बड़े पैमाने पर सड़क निर्माण कार्यों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई है।

जिले के सिरोंज, लटेरी, कुरवाई और नटेरन विकासखंडों में कुल 190 किलोमीटर लंबाई की सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इन कार्यों की अनुमानित लागत लगभग 110 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है। सभा में उपस्थित सदस्यों ने जिले के समग्र विकास और ग्रामीण कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दृष्टि से प्रस्ताव का समर्थन करते हुए इसे सर्वसम्मति से पारित किया। इन सड़कों के निर्माण से जिले की 124 से अधिक बसाहटों को सीधा लाभ मिलेगा। बेहतर सड़क संपर्क से शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंच आसान होगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है।



## साइबर ठगी के मामले में बंगाल पुलिस ने विदिशा से आरोपी को किया गिरफ्तार

### ट्रांजिट रिमांड पर पश्चिम बंगाल ले जाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

साइबर ठगी के बड़े नेटवर्क से जुड़े मामले में पश्चिम बंगाल पुलिस ने विदिशा से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर ऑनलाइन ठगी की रकम निकालने में भूमिका निभाने का आरोप है। कार्रवाई के दौरान विदिशा पुलिस भी मौजूद थी।

यह मामला पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले के सालतोड़ा थाने में दर्ज साइबर धोखाधड़ी से संबंधित है। जांच में सामने आया कि पीड़ित से ठगी गई रकम का लेन-देन विदिशा से जुड़ा हुआ है। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली कि ठगी की राशि विदिशा के एक ऑनलाइन सेंटर के माध्यम से निकाली गई। पश्चिम बंगाल पुलिस की जांच में यह खुलासा हुआ कि विदिशा के पेड़ी चौराहे के एक युवक ने कथित तौर पर ऑनलाइन सेंटर के जरिए रकम निकाली थी। जब पुलिस ने लेन-देन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे, तो वह संतोषजनक कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद बांकुरा पुलिस ने विदिशा पुलिस के सहयोग से आरोपी बसीम खान को हिरासत में ले लिया। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से ट्रांजिट रिमांड मंजूर कर लिया गया। पुलिस आरोपी को आगे की पूछताछ के लिए पश्चिम बंगाल ले गई है।

#### संगठित साइबर धोखाधड़ी का हो सकता है मामला

यह मामला एक संगठित साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है, जिसके तार कई राज्यों तक फैले होने की आशंका है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल हैं तथा क्या विदिशा में अन्य ऑनलाइन सेंटर भी ऐसी गतिविधियों में संलिप्त हैं। पुलिस ने जांच तेज कर दी है और आने वाले दिनों में और बड़े खुलासों की संभावना है।

## पति ने पत्नि को छत से नीचे फेंका, जिला अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के हसुआ रोड स्थित साईं मंदिर के पास बगीचे में रहने वाली एक महिला को उसके पति द्वारा छत से नीचे फेंकने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार विनीता ठाकुर को उसके पति ने शराब के नशे में छत से धक्का दे दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों और परिजनों के परिचित ने घायल महिला को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। मामले की सूचना सिविल लाइन पुलिस को दे दी गई है। पुलिस पीड़िता के बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।



### गुना की महिला को जबरन जहरीला पदार्थ पिलाने का मामला, जिला अस्पताल में भर्ती

**विदिशा।** गुना जिले के खिरिया गांव में एक 30 वर्षीय महिला को कथित तौर पर उसके ससुराल पक्ष द्वारा जबरन जहर पिलाने का मामला सामने आया है। महिला को गंभीर हालत में विदिशा जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। खिरिया निवासी वैष्णवी दांगी को पहले सिरोंज अस्पताल ले जाया गया था। जहां से उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। चिकित्सकों की निगरानी में उपचार किया जा रहा है। पीड़िता वैष्णवी ने आरोप लगाया है कि उसके पति ने उसके खाते में लगभग 60 हजार जमा कराए थे। जेठानी यह राशि अपने निजी काम के लिए मांग रही थी।

## 33 लाख की सड़क का विधायक, नपाध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों ने किया लोकार्पण

**विदिशा।** बस स्टैंड क्षेत्र में 33 लाख की लागत से निर्मित सीसी रोड का विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा एवं वार्ड पार्षद कंचन तीरथ प्रताप सिंह दरबार ने शनिवार को लोकार्पण किया। इस अवसर पर पार्षद शैलेंद्र सिरभैया, अखिलेश राजपूत, सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह विकास कार्य क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधा, सुरक्षित आवागमन और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराएगा।



### गर्मियों में बिजली और जल संकट को लेकर कुरवाई में समीक्षा बैठक आयोजित हुई

## विधायक सप्रे ने लगाई फटकार, कहा: समस्याएं तुरंत हल हों

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

गर्मियां आने वाली हैं। जिसको लेकर विधायक हरिसिंह सप्रे ने शनिवार को बिजली कंपनी, पीएचई विभाग एवं जल निगम की बैठक ली। बैठक में कुरवाई विधानसभा क्षेत्र के सभी सरपंच और जनपद सदस्य उपस्थित रहे।

विधायक हरि सिंह सप्रे कहा सरपंच और जनपद सदस्य ही मेरे लिए स्थानीय विधायक हैं। उन्होंने पेयजल संकट, विद्युत आपूर्ति में बाधा, ट्रांसफार्मर खराबी और जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ता संबंधी शिकायतों पर अधिकारियों को फटकार लगाई। पीएचई और जल निगम के ठेकेदारों को सीसी टंकियों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण और पाइपलाइन कार्यों की कड़ी निगरानी के निर्देश दिए गए। कुछ सरपंचों ने आरोप लगाया कि पानी टंकियों के हैंडओवर को लेकर विभाग जिम्मेदारी टाल रहा है। इस पर विधायक ने स्पष्ट किया कि हर घर नल से जल का सपना तभी साकार होगा जब ईमानदारी से काम होगा। उन्होंने पंचमी के बाद स्वयं गांव-गांव सर्वे करने और हर दो माह में समीक्षा बैठक आयोजित करने की घोषणा की।




- सरपंचों ने आरोप लगाया पानी टंकियों के हैंडओवर को लेकर विभाग जिम्मेदारी टाल रहा है।

### राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता हुई

# नटेरन टीम बनी विजेता, कुरवाई उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा


पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा खेल प्रोत्साहन के तहत स्टेडियम में शनिवार को जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में जिले के सभी विकासखंडों के ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

रोमांचक मुकाबलों के बाद विकासखंड नटेरन की टीम ने कुरवाई की टीम को पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। कुरवाई की टीम उपविजेता रही, जबकि सिरोंज की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 21 हजार रुपए नगद राशि एवं ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 11 हजार रुपए नगद राशि एवं ट्रॉफी तथा तृतीय स्थान प्राप्त टीम को 5 हजार रुपए नगद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाली सभी टीमों को 1100 की प्रोत्साहन राशि दी गई।

पुरस्कार वितरण समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, विधायक मुकेश टंडन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ओपी सनोठिया, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अवध बिहारी खरे, डीपीएम आरजीएसए सतीश गुप्ता, शगुन राजपूत एवं जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हनीफ खान मंसूरी द्वारा किया गया।




## दिग्विजय सिंह की पत्नी की पुण्यतिथि पर वृद्धाश्रम में वृद्धों को कराया भोजन



**विदिशा।** श्री हरि वृद्ध आश्रम में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की धर्मपत्नी आशा सिंह की पुण्यतिथि पर वृद्धजनों को भोजन कराकर पुष्पांजलि अर्पित की गई। पुण्य स्मरण कार्यक्रम का आयोजन युवा कांग्रेस नेता अशोक वीर सिंह रघुवंशी (बिप्पे)गजार ने अपने सभी मित्रों के साथ किया। अशोक वीर सिंह रघुवंशी (बिप्पे) गजार उनके साथियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय आशा सिंह के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पूर्व प्रदेश कांग्रेस महामंत्री सुभाष बोहत ने अपने संबोधन में आशा सिंह समाजसेवा की भावना से सदैव जुड़ी रहीं। इस अवसर पर कपिल, सिट्टू, नीलेश, गोलू, शैलेन्द्र ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## खबर संक्षेप

### अंजली यादव भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनी



**गंजबासौदा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमित से भाजपा जिला पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष अंजली मनोज यादव को भाजपा जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अंजली यादव के जिला उपाध्यक्ष बनने पर नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सरिता जैन, सरिता रघुवंशी सहित अनेक महिला शक्ति ने फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### वार्ड 4 में पार्क निर्माण का हुआ भूमिपूजन



**गंजबासौदा।** शनिवार को नगर के वार्ड नंबर 4 में पानी की टंकी के पास संत रविदास पार्क का निर्माण कार्य होना है। जिसको लेकर निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। जिसमें विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव सहित वार्ड पार्षद और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### रिपटा घाट पर सफाई अभियान आज

**गंजबासौदा।** श्रमदान दल द्वारा सप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 की श्रृंखला में बेतवा नदी स्वच्छता अभियान का 21 वां चरण रविवार को सुबह 7.30 से 9.30 बजे तक स्थित रिपटा घाट पर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सभी नागरिकों से बेतवा नदी स्वच्छता अभियान से जुड़ने तथा नदियों जलाशयों की स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक करने में योगदान देने की अपील की है।

### छिंदवाड़ा से दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

# महिला को आत्महत्या करने उकसाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शहर थाना पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों को शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। एक महिला को कथित तौर पर इन आरोपियों ने परेशान किया था।



पुलिस के अनुसार घटना 20 दिसंबर 2025 की है, जब वार्ड क्रमांक 3 निवासी आरती अहिरवार उम्र 23 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। जांच में सामने आया कि आरती तलाकशुदा थी और दूसरी शादी करना चाहती थी। उसने shaadi.com पर अपनी प्रोफाइल बनाई थी, जहां उसकी पहचान एक युवक से हुई। युवक ने फर्जी आईडी बनाकर आरती से बात करना शुरू किया। आरोपी ने धीरे-धीरे आरती से करीब 10 हजार रुपए ले लिए और उससे प्रेम संबंध की बातें करता रहा। जब आरोपी ने और अधिक पैसों की मांग की और आरती ने मना कर दिया, तो उस पर दबाव बनाया जाने लगा। इस उत्पीड़न से परेशान होकर महिला ने आत्महत्या कर ली। इन तथ्यों के सामने आने के बाद पुलिस ने 27 दिसंबर 2025 को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया। पुलिस ने व्हाट्सएप चैटिंग, पैसे भेजे गए खातों की जानकारी और बातचीत में इन तथ्यों के सामने आने के बाद 27 दिसंबर 2025 को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया। पुलिस ने व्हाट्सएप चैटिंग, पैसे भेजे गए खातों की जानकारी और बातचीत में इस्तेमाल हुए नंबरों की पड़ताल की। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि जिन खातों में पैसे गए थे और जिनके नाम पर वे खाते थे, उनकी लोकेशन छिंदवाड़ा में है। पुलिस की एक टीम छिंदवाड़ा पहुंची और शुक्रवार को आरोपियों को पकड़कर गंजबासौदा ले आई। शनिवार को उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

इस संबंध में शहर थाना निरीक्षक संजय वेदिया ने बताया कि मामले की जांच गंभीरता से की जा रही थी। आरोपियों की विस्तृत जानकारी न होने के कारण साइबर टीम की मदद ली गई, जिससे उन तक पहुंचा जा सका। उन्होंने बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, जबकि इस मामले में एक और आरोपी की तलाश जारी है। पकड़े गए दो आरोपी करण यादव (20) एवं मनोहर यादव (19) दोनों ग्राम सतनूर देहात थाना छिंदवाड़ा निवासी है। दोनों को उनके गांव घर से ही पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## राजस्व टीम ने की बेतवा घाट पर अवैध मिट्टी उत्खनन की जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शनिवार दोपहर के समय ग्राम निबोदिया के बेतवा घाट के पास बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी का उत्खनन किया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर तहसीलदार ने पटवारी सहित राजस्व अधिकारियों की एक टीम मौके पर भेजी। टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और पाया कि बेतवा घाट के पास से भारी मात्रा में मिट्टी निकाली जा रही थी। राजस्व टीम ने मौके पर पंचनामा तैयार किया। तहसीलदार अरविंद यादव ने बताया कि अवैध उत्खनन की जांच के लिए टीम भेजी गई थी। टीम ने भूमि के खसरा नंबर सहित अन्य जानकारी एकत्रित कर ली है और उचित कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि बेतवा घाट पर प्राकृतिक रूप से मिट्टी के बड़े-बड़े टीले बने हुए थे। ये टीले बारिश के पानी को खेतों तक पहुंचने से रोकते थे और बाढ़ के दौरान बेतवा नदी का पानी खेतों में घुसने से बचाते थे। अवैध रूप से मिट्टी के इन घाटों को काटकर मिट्टी निकाली जा रही है और बेची जा रही है। इससे अधिकांश क्षेत्र गहरे गड्ढों में तब्दील हो गया है, जिससे बेतवा घाट का तेजी से कटाव हो रहा है। ग्रामीणों को आशंका है कि आगामी बारिश में बेतवा नदी में उफान आने पर बाढ़ का पानी खेतों तक पहुंच जाएगा, जिससे फसलों को भारी नुकसान होगा। ग्रामीणों के अनुसार, यह अवैध मिट्टी उत्खनन का कार्य लंबे समय से चल रहा है, जिससे अब तक सैकड़ों ट्राली मिट्टी निकाली जा चुकी है।

## होलिका दहन दो मार्च को होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

होलिका दहन का शुभ मुहूर्त 2 मार्च 2026 सोमवार की रात्रि तथा 3 मार्च मंगलवार का सबेरा ( 2 मार्च रात्रि 12: 55 से सुबह 2:6 तक भद्रा पुच्छ पर रहेगी जो होलिका दाह में शुभ मानी जाती है। अतः भोपाल संभाग में होलिका दहन पुच्छ भद्रो परांत सूर्य उदय के पूर्व होलिका दहन शुभ है। पंडित सुनील शास्त्री द्वारा बताया गया होलिका के समय होलिका में घृत, पांच लोंग, पांच इलायची, कपूर, श्रीफल, पीली सरसों, रोली चुन्नी अर्पित करने एवं परिक्रमा करने से घर में सुख समृद्धि ईश्वर भक्ति आत्मबल प्राप्त होता है। पंडित सुनील शास्त्री ने बताया की 3 मार्च 2026 मंगलवार फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा खंडग्रास चंद्र ग्रहण भारतीय मानक समय अनुसार ग्रहण का प्रारंभ दिन में 3:20 पर प्रारंभ होगा एवं मोक्ष शाम 6:48 पर होगा भारत में ग्रस्तोनित खंडग्रास चंद्र ग्रहण ही दृश्य होगा क्योंकि यह चंद्रोदय शाम भोपाल संभाग में 6:24 से 6:48 तक खंडग्रास चंद्र ग्रहण दृश्य होगा। जिसकी पूर्ण



अवधि भोपाल संभाग में 24 मिनट रहेगी। जानकारी विशेष ग्रहण दृश्य पर्व है जहां-जहां दृश्य होता है वहां वहां सूतक मान्य होता है जहां दृश्य नहीं होता वहां सूतक नहीं मानते। 3 मार्च को लगने वाला ग्रहण दिन में 9:24 मिनट पर सूतक प्रारंभ होगा जो 6:24 मिनट पर दृश्य होगा एवं 6:48 तक दृश्य होगा तो ग्रहण जहां जिस समय दृश्य होता है उसे 9 घंटा पूर्व सूतक लगता है अतः इस युक्ति के अनुसार से ग्रहण मोक्ष तक सूतक रहेगा।

## जनप्रतिनिधि, व्यापारियों के बीच बैठक में हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

त्योंदा रोड पर जय स्तंभ चौक से पुराने बस स्टैंड पर मिनी स्मार्ट सिटी के तहत विभिन्न निर्माण किए जा रहे हैं। जिसके तहत सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें आ रही परेशानियों को ध्यान में रखते हुए स्व. अनिल यादव पत्रकार भवन में स्थानीय व्यापारियों के साथ क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, नगरपालिका सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव सहित व्यापार महासंघ के सदस्यों ने बैठक आयोजित कर विचार विमर्श किया। बैठक में व्यापारियों के लिए पुराने बस स्टैंड पर दुकान बनाने की सहमति बनी। जिसके बाद जनप्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर चिन्हित जगह का जायजा लिया। जिसके बाद सीमांकन कार्य किया गया। इस दौरान नगरपालिका अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में अनेक पार्षदगण मौजूद रहे।






### आज बंद रहेगी बिजली

गंजबासौदा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सूचित किया गया है कि दिनांक 1 मार्च रविवार को रिंग रोड क्षेत्र में पोल शिफ्टिंग/लाइन शिफ्टिंग, आवश्यक रख-रखाव तथा प्रणाली सुधार कार्य प्रस्तावित है। उक्त कार्य के कारण प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक बासौदा वितरण केंद्र अंतर्गत विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस अवधि में 33 के.वी. कंजना फीडर से इंडस्ट्रियल फीडर की विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बंद रहेगी। साथ ही हतोड़ा डी.एल.एफ. फीडर, ड्रीम सिटी फीडर, न्यू मंडी फीडरउक्त उपकेंद्रों से निर्गत फीडरों से जुड़े उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति निर्धारित अवधि में अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। यह कार्य विद्युत प्रणाली के सुदृढ़ीकरण, लाइन संवर्धन एवं आवश्यक अनुरक्षण हेतु किया जा रहा है।

### गाली गलौज करते हुए युवक से की मारपीट



**गंजबासौदा।** फरियादी अजमेर सिंह गुर्जर निवासी जमुना नगर ने शहर पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत दिवस दोपहर के समय नवीन कृषि उपज मण्डी के पास जयंती कुशवाह के यहां शादी में जा रहा था। तभी रूपेश गुर्जर निवासी कंजना, अभिषेक गुर्जर निवासी नई मण्डी, गुल्ला उर्फ सचिन गुर्जर निवासी सिरावदा ने शराब के नशे में अड़ीबाजी करते हुए शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग की। रुपए न देने पर आरोपियों ने गाली गलौंज की एवं मारपीट कर दी। जिससे तोरन सिंह को गंभीर चोटें आई। आरोपियों ने जाते समय जान से मारने की धमकी दी। घायल को उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे उच्च स्तरीय उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया गया। इस मामले में शहर थाना पुलिस ने फरियादी तोरन सिंह गुर्जर की रिपोट पर आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 119(1), 296 (बी),115(2),351(3),3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।

## जन संवाद कार्यक्रम आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

विकसित भारत, रोजगार एवं आजीविका की गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम 2025 के प्रावधानों के प्रचार-प्रसार हेतु जनपद स्तरीय जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन कार्यालय जनपद पंचायत में आयोजित हुआ। जिसमें पचमा कलस्टर एवं ककरावदा कलस्टर में 26 ग्राम पंचायतों तथा ग्राम पंचायत मसूदपुर के पंचायत भवन में अंबानगर कलस्टर एवं मसूदपुर कलस्टर के सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहित ग्रामीणजनों से जन संवाद का कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया गया। जन संवाद कार्यक्रम में जनपद स्तरीय अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा दिनांक 23 फरवरी से 4 अप्रैल तक प्रत्येक सप्ताह में ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी से अवगत कराया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

### शहर थाना प्रभारी ने रात्रि में भ्रमण किया

**गंजबासौदा।** शुक्रवार को रात्रि के समय शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया द्वारा आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए रात्रि के समय पुलिस बल के साथ नगर के संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण किया गया एवं समय पर बाजार बंद करने के लिए दुकानदारों एवं लोगों को अवगत कराया गया।



## यातायात पुलिस ने की मोडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में नगर के अलग अलग स्थानों पर लगातार वाहन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिनमें जय स्तंभ चौक, पचमा बायपास मार्ग, अंबेडकर चौक, भावसार पुलिया आदि क्षेत्र शामिल हैं। शनिवार को जय स्तंभ चौराहे पर यातायात पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें विशेष रूप से मोडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनों की जांच की गई। इस वाहन चैकिंग के दौरान एक बुलेट बाइक से मोडिफाइड साइलेंसर निकलवाया गया। इसके अलावा बगैर हेलमेट, तीन सवारी, बगर नंबर प्लेट एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 6 वाहन चालकों पर 2200 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। वहीं शुक्रवार को भी अलग अलग स्थानों पर वाहन चैकिंग अभियान चलाकर 2500 रुपए जुर्माना राशि वसूल की गई थी। वाहन चैकिंग अभियान के दौरान



अनेक वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश दी गई। इस दौरान यातायात पुलिस बल मौजूद रहा।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हुआ दो दिवसीय कार्यक्रम

# सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का दो दिवसीय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, नेहरू नगर, भोपाल के वित्तीय सहयोग एवं समर्थन से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम दिवस पर प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति के मार्गदर्शन में सरस्वती पूजन के साथ हुआ। अपने उद्बोधन में उन्होंने विज्ञान और समाज के अंतर्संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण सामाजिक प्रगति एवं विकसित भारत के निर्माण का आधार है। उन्होंने विशेष रूप से विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को सामाजिक सशक्तिकरण से जोड़ते हुए छात्राओं को अनुसंधान एवं नवाचार हेतु प्रेरित किया। इस वर्ष की थीम वूमेन इन साइंस केटलाइजिंग विकसित भारत रही, जिसके अंतर्गत वैज्ञानिक निबंध प्रतियोगिता, वैज्ञानिक पोस्टर प्रतियोगिता, वैज्ञानिक रंगोली प्रतियोगिता एवं वैज्ञानिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए अपनी रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक समझ का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर छात्राओं को भोपाल स्थित रवींद्र भवन में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रसारण दिखाया गया। जिससे उन्हें व्यापक वैज्ञानिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हुई। इसके उपरांत मनीष कुमार सेन द्वारा "विज्ञान और हम जिज्ञासा से विकसित भारत का सफर" विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने जिज्ञासा, तार्किक चिंतन एवं नवाचार को विकसित भारत की आधारशिला बताते हुए छात्राओं को वैज्ञानिक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात डॉ. अपेक्षा बाजपेयी द्वारा छात्राओं को लाभकारी जीवाणुओं की सहायता से तरल जैव उर्वरक निर्माण संबंधी व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण ने छात्राओं को वैज्ञानिक प्रयोगात्मक पद्धति से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया। समापन सत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन विशेषज्ञों द्वारा किया गया तथा विजेता छात्राओं की घोषणा की गई। प्राचार्य द्वारा विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। समस्त स्टाफ़ के सक्रिय सहयोग से दो दिवसीय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा, तार्किकता एवं नवाचार की भावना विकसित करने में अत्यंत प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

### संपत्तिकर राशि जमा कराई



**गंजबासौदा।** शनिवार को संपत्तिकर वसूली दल द्वारा संस्कार मैरिज गार्डन के संचालक से संपर्क कर उनके द्वारा चालू वर्ष की संपत्तिकर की राशि 40000 रुपए जमा कराई गई। वसूली अमले ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी नगर में जारी रहेगी। यहां उल्लेखनीय है कि नगरपालिका द्वारा नगर के सभी वार्डों में दल के साथ पहुंचकर वसूली अभियान चलाकर जलकर एवं संपत्तिकर की वसूली की जा रही है। जिससे नपा को अधिक राजस्व प्राप्त हो। अभी तक नगरपालिका वसूली अमला लाखों रुपए की वूसली कर चुका है जबकि लाखों रुपए की वसूली अभी भी शेष है जिसके लिए वसूली दल जोर शोर से लगा हुआ है।

## बारात में शामिल हुए मुकुट बद्ध राजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर में आयोजित पंच कल्याणक महोत्सव के चौथे दिन प्रातः कालीन नित्य अभिषेक पूजन के बाद तप कल्याणक विधान का आयोजन मुनि द्वय के सानिध्य में प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात विश्व में शांति और समृद्धि की मंगल भावना के साथ विश्व शांति हवन किया गया। जिसमें सभी इंद्र इंद्राणीयों द्वारा भगवान की भक्ति की गई। विधान और हवन के उपरांत युवराज आदिकुमार का विवाह कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें युवराज आदिकुमार की प्रतीकात्मक बारात निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में इंद्र इंद्राणी और समाज जन शामिल हुए। वहीं शास्त्रानुसार 32 हजार मुकुटबद्ध राजा अपने परिवार सहित युवराज आदिकुमार की बारात में शामिल होने का वर्णन मिलता है। काल के प्रभाव से जब कल्पवृक्ष मुरझाने लगे तो युवराज आदिकुमार ने कर्मयुग की शुरुआत में प्रजा को आजीविका और जीवन यापन के लिए षट्कर्म सिखाए जो असि,




मसि, कृषि, वाणिज्य, शिल्प और विद्या के रूप में बताए गए। इसके अलावा उन्होंने 72 कलाओं का उपदेश दिया। वहीं विवाह, संस्था, सामाजिक व्यवस्था और वर्ण व्यवस्था की नींव रखी। नृत्यांगना नीलांजना, नृत्य करते करते मृत्यु को प्राप्त हुई, तो राजा आदिकुमार को जीवन की क्षण भंगुरता का ज्ञान हुआ और राजा आदिकुमार ने अपने राज पाठ को छोड़कर वन की ओर विहार कर दिया, वन में जाकर दिगम्बरी मुनि दीक्षा धारण की। पंच कल्याणक आयोजन स्थल अयोध्या नगरी में रात्रि में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे। जिसमें मंच संचालन कवि कमलेश जैन 'बसंत' ने किया, मंच पर वीर रस कवि शहनाज हिंदुस्तानी, हास्य रस कवि लक्ष्मण नेपाली, हास्य रस कवि दिनेश देहाती, गीतकार धर्मेंद्र सोलंकी, अमित मौलिक, सूत्रधार कवि वीरेंद्र विद्रोही ने अपनी कविताओं का पाठ किया। इस दौरान लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर पॉलिटेक्निक कॉलेज में दो दिवसीय कार्यक्रम

# विज्ञान और तकनीकी में महिलाओं की भूमिका उजागर करना उद्देश्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में 27 एवं 28 फरवरी 2026 को दो दिवसीय विज्ञान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम विज्ञान में महिलाएँ विकसित भारत को गति प्रदान करती हुई रही।

कार्यक्रम का उद्देश्य विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को उजागर करना तथा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। इस अवसर पर शासकीय एलबीएस कॉलेज के सहायक प्राध्यापक भौतिकी विशेषज्ञ व्याख्यान में डॉ. समर्थ निनामा,सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रसायन शास्त्र व्याख्याता श्रीमती पूजा पंवार ने विद्यार्थियों को विज्ञान, अनुसंधान एवं नवाचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। तो वही महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जानकारी दी गई कि कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। वहीं विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। जिससे विद्यार्थियों में उत्साह एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य सिविल इंजीनियरिंग व्याख्याता श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन में किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की समन्वयक मैकेनिकल इंजीनियरिंग व्याख्याता श्रीमती रागिनी अरजरिया एंव अतिथि डॉ. नीती टंडन रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सिरोंज के समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

# अष्टान्हिका महापर्व श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान किया संपन्न

## दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र नसिया जी पर बह रही धर्म की गंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



दिगंबर जैन जिनोदय तीर्थ क्षेत्र नसिया जी पर वह रही धर्म की गंगा में अष्टान्हिका महापर्व श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का 51 समवशरण के साथ भव्य आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर पूज्य मुनि श्री 108 निरंजन सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं प्रतिष्ठाचारी बालब्रह्मचारी पारस भैया जी के निर्देशन में पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं नवाचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से अज्ञानुवर्ती शिष्य पूज्य मुनि श्री 108 निरंजन सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में सभी कार्यक्रम हो रहे हैं। जिसमें चौंसठ रिद्धि विधान का भव्य आयोजन चल रहा है। वही प्रातः काल अभिषेक शांति धारा पूजन नंदीश्वर पूजन उसके पश्चात सिद्ध भक्ति एवं विधान का कार्यक्रम उसके पश्चात पूज्य गुरुदेव के मंगल प्रवचन का आयोजन किया गया।

## कांग्रेस नेताओं ने गरीब और असहायों की मदद की

# जरूरतमंदों को भोजन करवाकर मनाया पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह का जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सेवा, संवेदना और समर्पण की मिसाल कायम की गई।

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव विनोद सेन के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने सहयोग संस्था पहुचकर दिग्विजय सिंह का जन्मदिन नर सेवा नारायण सेवाह्व की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गरीबों, असहायों और जरूरतमंदों को प्रेमपूर्वक भोजन कराकर यह संदेश दिया गया कि सच्चा उत्सव वही है, जिसमें किसी भूखे के चेहरे पर मुस्कान आ जाए। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का जीवन हमेशा वंचितों, शोषितों और कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित रहा है और उसी विचारधारा को आत्मसात करते हुए यह सेवा कार्य एक जीवंत श्रद्धांजलि बना। सेवा की इस पंक्ति में केवल भोजन नहीं, बल्कि मानवीय करुणा, समानता और सामाजिक न्याय का संकल्प परोसा गया। जहां राजनीति से ऊपर उठकर मानवता की पूजा की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसर खांन,ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश यादव,नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सैफ़ू गद्दी,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवपुर अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत,राम दयाल विश्वकर्मा सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# प्रशिक्षण महाअभियान भाजपा को बूथ स्तर तक और अधिक संगठित, सक्रिय और प्रभावी बनाएगा: लोकेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



प्रशिक्षण केवल जानकारी देने का माध्यम नहीं, बल्कि कार्यकर्ता के व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है। इससे संगठन की कार्यपद्धति में एकरूपता आएगी और सेवा, समर्पण तथा राष्ट्रहित की भावना और अधिक प्रखर होगी। यह प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता, अनुशासन और कार्यकुशलता को नई दिशा देगा। बूथ स्तर तक सक्रिय और प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति होते हैं। यह महाअभियान कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति, सेवा कार्यों और जनसंपर्क अभियान से जोड़ते हुए उन्हें अधिक प्रभावी बनाएगा। व्यापक प्रशिक्षण महाअभियान से संगठन और अधिक सुदृढ़ होगा तथा राष्ट्र निर्माण के संकल्प को नई ऊर्जा मिलेगी यह बात भाजपा प्रदेश मंत्री एवं सागर जिला प्रभारी लोकेन्द्र पाराशर ने सागर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 की जिला स्तरीयद्द कार्य शाला को सम्बोधित करते हुए कही।

कार्यशाला को पूर्व मंत्री एवं खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह, प्रशिक्षण अभियान संभागीय टोली सदस्य सदानंद गौतम, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने भी सम्बोधित किया। कार्य शाला में सागर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, प्रशिक्षण अभियान संभागीय टोली सदस्य जाहर सिंह जिला टोली सदस्य जगन्नाथ गुरैया, जयंती मौर्य मंचासीन रहीं।

प्रशिक्षण अभियान जिला टोली संयोजक देवेंद्र कटारे ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। कार्यशाला का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष चौबे ने किया।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए प्रदेश मंत्री एवं सागर जिला प्रभारी लोकेन्द्र पाराशर ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर आधारित यह प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित,सामाजिक समरसता और सेवा भाव की दिशा में और अधिक सजग बनाता है। संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता जब विचार से दृढ़ और व्यवहार से विनम्र होगा,तभी भाजपा की शक्ति समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगी।यह महाअभियान संगठनात्मक एक जुटता को और मजबूत करेगा तथा आगामी दायित्वों के निर्वहन में कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और स्पष्टता प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि यह महाअभियान भाजपा को बूथ स्तर तक और अधिक संगठित, सक्रिय और प्रभावी बनाएगा। उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 11 मार्च से 14 अप्रैल तक मंडल स्तर पर और 15 अप्रैल से 20 मई तक जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्य शालाओं का आयोजन किया जाएगा।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ता निर्माण की पहली सीढ़ी है जिसके माध्यम से भविष्य में एक आदर्श कार्यकर्ता का निर्माण होता है। प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से निकले आदर्श भाजपा कार्यकर्ता की पहचान देश और समाज में एक सेवाभावी, राष्ट्र भक्त, अनुशासित, चरित्रवान और संस्कार युक्त कार्यकर्ता के रूप में है।

# लटेरी में अवैध शराब पर कार्रवाई 21 पेटी मदिरा व कार की बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लटेरी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 21 पेटी (190 लीटर) अवैध शराब और एक बलेनो कार सहित कुल 9.17 लाख रुपये का मशरूका जब्त किया है। यह अभियान विदिशा जिले में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस टीम ने नजीराबाद रोड पर संदिग्ध बलेनो कार क्रमांक टढ 04` 8878 को रोका। तलाशी लेने पर वाहन से अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने कार और शराब को जब्त कर थाना परिसर लाया। मामले में अपराध क्रमांक 42/2026 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। विदित हो कि समूचे अंचल में इन दिनों अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं और आमतौर पर गली मोहल्लों में अवैध शराब की बिक्री जारी है।

# हाई कोर्ट के न्यायाधिपति ने किया न्यायालय का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर में शनिवार को उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति जस्टिस विनय सराफ एवं जिला रायसेन के प्रधान न्यायाधीश अनिल कुमार सुहाने का दौरा एडीजे न्यायालय में हुआ। संक्षिप्त प्रवास पर उन्होंने न्यायालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं अभिभाषक संघ की मांगों के ऊपर कारवाई करने की भी बात की।

पिछले दिनों अभिभाषक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जबलपुर पहुंचकर पोर्टफोलियो जज से मिला था एवं बरेली न्यायालय में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने जैसे सुरक्षा हेतु बाउंड्री वॉल, पक्षकार भवन आदि की मांगों को लेकर ज्ञापन दिया था। कार्यक्रम में अभिभाषक संघ द्वारा उपस्थित अतिथियों का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में न्यायालय के समस्त न्यायाधीश, स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों सहित अभिभावक संघ के पूर्व अध्यक्ष ठाकुर विशाल सिंह, प्रेम सिंह धाकड़, राजेश श्रीवास्तव ,कमलेश पटेल ,वर्तमान अध्यक्ष सुरजीत सिंह चौहान, राघव रघुवंशी, राजेंद्र जैन, साहब सिंह धाकड़, अखिल खरे सहित उपस्थित रही।

# सप्त दिवसीय कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

## सोलह संस्कारों से बच्चों को बनाएं संस्कारवान: प्रज्ञा भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

**गाय में देवताओं का वास, रोजगार आय के साधन गौमाता से**

**जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों का किया सम्मान**



श्रीशिव महिला मंडल के तत्वाधान में पशु चिकित्सालय में चल रही 7 दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पाँचवे दिन कथा व्यास पू. मंहत प्रज्ञा भारती द्वारा श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, राक्षसों के बध, गिरिराज पूजन की कथा का विस्तार से वर्णन किया। गौमाता सेवा के साथ बच्चों को संस्कारवान बनाने का आग्रह माताओं से किया।

श्रीकृष्ण पूतना बध, कालिया नाग मर्दन सहित अन्य राक्षसों के संहार का वर्णन किया। श्रीकृष्ण एवं उनके भाई बलराम के नामकरण, गौ को चराने जैसे प्रसंगों के माध्यम से कथा व्यास डॉ. प्रज्ञा भारती ने कहा कि ग्रामीण बेरोजगारी की समस्या का हल गौपालन है। गौ माता दर-दर की ठोकरें न खायें इसके लिए गौपालन, गौ संरक्षण जरूरी है।

कथा के दौरान वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ, नगर परिषद अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, पार्षद पूरन सिंह धाकड़, विधायक प्रतिनिधि रोजेश साहू, श्री हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश बबेले, राधेश्याम पालीवाल, सचिव सचिन शांडिल्य, संजय शर्मा इत्यादि का शिव महिला मंडल की ओर से कथा व्यास डॉ. प्रज्ञा भारती द्वारा श्रीकृष्ण नाम का पट्टी पहना कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ ने शिव महिला मंडल की 30 वर्षों की संघर्ष प्रगति यात्रा के साथ कठिन आर्थिक परिस्थितियों में महिला मंडल द्वारा भागवत भवन निर्माण कार्य का विवरण देते हुए महिला मंडल की महिलाओं की धर्म-संस्कृति के प्रचार भूमिका की प्रशंसा की अध्यक्ष श्रीमती शीला राय ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मधुमेह व नेत्र परीक्षण का नि:शुल्क शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

काली मंदिर के सामने स्थित डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल में आज रविवार 1 मार्च को मधुमेह एवं नैत्र शिविर का आयोजन हो रहा है। विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से आयोजित निःशुल्क जाँच एवं उपचार शिविर में भोपाल से आये विषेशज्ञ डॉक्टरों द्वारा जाँच उपरांत उपचार की सलाह दी जाएगी।

जानकारी के अनुसार भोपाल के डॉक्टर संजीव गुलाटी मधुमेह, थाएराट एवं मोटापा निदान विशेषज्ञ एवं डॉ. गजेन्द्र चावला नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक मधुमेह एवं नेत्र रोगियों को उपचार परामर्श दिया जाएगा। शिविर में आंखों, मधुमेह, ब्लडप्रेशर, पैरों की नसों की जाँच की जाएगी।

# सड़क चौड़ीकरण के कारण मुख्य सड़क पर लग रहा बार-बार जाम

## ट्रक के ब्रेक फेल, बाइक हुई क्षतिग्रस्त, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



नगर परिषद द्वारा नगर के बीचों-बीच से निकली पुरानी एन एच 12 सडक़ के दोनों किनारों का ठेकेदार के माध्यम से चौड़ीकरण कराया जा रहा है। पिछले अनेक दिनों से कार्य चल रहा है। मुख्य सडक़ के बीचों-बीच डिवाइडर बना हुआ है।

थाने के सामने से लेकर पिपरिया रोड तिहारे तक मुख्य सडक़ की चौड़ाई कच्चे-पक्के अतिक्रमण के कारण बहुत कम है। सडक़ चौड़ीकरण के चल रहे कार्य में सडक़ के एक और दिन-रात भारी यातायात बना रहने के साथ दिन में अनेक बार जाम लगने की स्थिति भारी परेशानियों एवं जोखिम का कारण बन रही है।

शुक्रवार को प्रतिभा परिषद की ओर चौड़ीकरण कार्य एवं रामलीला मैदान की ओर एक तरफा यातायात के कारण दो पहिया, चार पहिया वाहनों के कारण जाम लगने की स्थिति बनी रही। एक ट्रक के ब्रेक फेल होने से बाइक चपेट में आ गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। मुख्य सडक़ पर दिन भर भारी यातायात के दौरान लोगों का पैदल मुख्य सडक़ पर चलना जोखिम भरा बना हुआ है। यातायात को संभालने, जाम न लगे इसके कोई इंतजाम, सडक़ किनारे खड़े वाहनों के कारण कभी भी बड़ा हादसा होने की संभावना बनी है।

## सड़कों के किनारे वाहनों का लगा रहता जमावड़ा, जाम के हालात

# नगर के सार्वजनिक स्थानों पर नहीं वाहन स्टैंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



नगर में तेजी से वाहनों की संख्या बढ़ रही है। इसी के साथ नये-नये बाजार विकसित हो रहे है। प्रमुख व्यापारिक और प्रशासनिक एवं शिक्षा का केन्द्र होने के कारण प्रतिदिन हजारों की संख्या में ग्रामीणों और वाहनों का नगरामन होता है। नगर में एक भी वाहन स्टेन्ड न होने से सडक़ों के किनारे, भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों, बाजारों में चाहे जहाँ वाहन खड़े किये जाने से छात्रों, बुजुर्गो, महिलाओं को जोखिम भरी स्थिति में सडक़ों पर चलना मजबूरी बना हुआ है।

नगर के बीचों-बीच से निकली मुख्य सडक़ पर ही एक दर्जन से अधिक बैंक है। इन बैंकों के पास वाहन पार्किंग की व्यवस्था न होने से दिन भर सडक़ों के किनारे बैंकों के सामने भारी संख्या में खड़े रहने वाले वाहन घटना-दुर्घटना और जाम लगने का कारण बनते है। किनगी रोड, पावर हाउस रोड, टाकीज रोड, बड़ा बाजार, छोटा बाजार, कन्या शाला रोड, पिपरिया तिराहा, उदयपुरा नाका, बस स्टेंड के आसपास, दीन दयाल परिषद के आसपास जिस भारी मात्रा में वाहन सडक़ों पर खड़े रहते है। उससे नगर का यातायात भगवान भरोसे बना रहता है। सडक़ों के किनारे अतिक्रमण और भारी संख्या में खड़े रहने वाले वाहनों के बीच पैदल सडक़ पर चलना अत्याधिक जोखिम भरा रहने से मुक्ति के लिए पार्किंग स्थल बनाये जाना जरूरी है।

### खाली भूमियों का हो उपयोग

बडा बाजार सब्जी मंडी के आसपास किनगी रोड, तहसील कार्यालय के सामने पावर हाउस रोड पर पुरानी अदालत रामलीला मैदान के आसपास सरकारी भूमियाँ है। यदि सरकारी भूमियों से अतिक्रमण हटा कर उन्हें वाहन पार्किंग स्थल के रूप में उपयोग किया जाता है तो सडक़ों पर खड़े रहने वाले वाहनों की संख्या कम होने से यातायात सुरक्षित, व्यवस्थित हो सकता है।

## जिला अभिभाषक संघ के तत्वावधान में अदालत में ई-लाइब्रेरी का लोकार्पण

# ई-लाइब्रेरी से अब सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के निर्णय होंगे तुरंत उपलब्ध : विनय सर्राफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला अभिभाषक संघ रायसेन के तत्वावधान में शनिवार को जिला न्यायालय परिसर में ई-लाइब्रेरी का लोकार्पण मप्र हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विनय सर्राफ ने किया। मुख्य अतिथि न्याय मूर्ति विनय सर्राफ, कार्यक्रम की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनयकांत चतुर्वेदी, विशिष्ट अतिथि कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, जिला मुख्य न्यायाधीश अनिल कुमार सोहाने ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विनय सर्राफ ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने स्वयं 33 वर्षों तक वकालत की प्रैक्टिस की है। एक अधिवक्ता के जीवन में सम्मान सबसे बड़ी उपलब्धि होता है। ई-लाइब्रेरी के माध्यम से अब सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के निर्णय तुरंत उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि तकनीक के साथ आगे बढ़ना समय की मांग है। कोरोना काल में ऑनलाइन सुनवाई ने न्याय व्यवस्था को नई दिशा दी है। अब जिला न्यायालयों में भी जीआरएस सिस्टम और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था लागू की जा रही है।

उन्होंने बताया कि इंदौर में कम्युनिटी मेडिएशन सेंटर स्थापित किए गए हैं, जहां हजारों प्रकरण आपसी सहमति से सुलझाए जा चुके हैं। छोटे विवादों को न्यायालय के बाहर समझौते से निपटाने की पहल की जानी चाहिए।









इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव हर्षनी यादव ने लोक अदालत की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि न्याय को सस्ता और सुलभ बनाना प्राथमिकता है। विभाग को आईएसओ अवॉर्ड भी प्राप्त हो चुका है।

कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने कहा कि ई-लाइब्रेरी अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार सोहाने ने बताया कि न्यायालय में लंबित प्रकरणों के निराकरण की दिशा में लगातार प्रयास हो रहे हैं और कई दस वर्ष पुराने मामलों का निराकरण किया जा चुका है।

कार्यक्रम के अंत में बार एसोसिएशन के सचिव प्रमोद साहू ने आभार व्यक्त किया। समारोह में अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही तथा तकनीक आधारित न्याय व्यवस्था की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना गया।

कार्यक्रम के अवसर पर डीएफओ प्रतिभा शुक्ला, एएसपी कमलेश खरपुसे, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, एसडीएम मनीष शर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं न्यायालयीन कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप शर्मा एडवोकेट ने किया।

### सजी प्रदर्शनी, न्यायमूर्ति ने बाल श्रममुक्त भारत अभियान रथ को दिखाई हरी झंडी

जिला अदालत परिसर में विभिन्न विभागों और स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को शासन की योजनाओं, कानूनों और सामाजिक अभियानों की जानकारी देना रहा। प्रदर्शनी में महिला एवं बाल विकास विभाग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं की जानकारी, स्वास्थ्य विभाग द्वारा एएनएम एवं नर्सिंग प्रशिक्षण की झलक प्रस्तुत की गई। वहीं कार्यक्रम में जिला बाल श्रममुक्त भारत अभियान रथ को जन जागरुकता के उद्देश्य से न्यायमूर्ति विनय सर्राफ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने संबोधन में कहा कि बाल श्रम समाज की गंभीर समस्या है और इसे जड़ से समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कानून की जानकारी और जनजागरूकता को इस अभियान की सफलता की कुंजी बताया। इस अवसर पर केएसएस के संचालक डॉ एचबी सेन, अनिल भंवरे, शिवनारायण सराठे, अनिल रैकवार, मुकेश ठाकुर सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

### अधिवक्ताओं का सम्मान

सम्मान समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ताओं एसएन शर्मा, पीएन तिवारी, लक्ष्मी नारायण सेन, उमाकांत श्रीवास्तव, बाबूलाल साहू, राधारमन अग्रवाल, देवकरण पटेल, विजय कुमार धाकड़, गिरजेश चतुर्वेदी, मिर्जा मसर्रत बेग, मसरूर कमाल, ओपी श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश माहेश्वरी, सुबोध कुमार सक्सेना, अशोक माहेश्वरी राही सहित अन्य का शॉल-श्रीफल देकर सम्मान किया। वहीं हाईकोर्ट से परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले युवा अधिवक्ताओं नरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह जाटव, लाइवा जमशेद सिद्दीकी, अर्चना तोमर, शानिया मिर्जा, मोना कुशवाहा, साक्षी मालवीय, शिवानी नायक, रचना मेहरा, शबा खान, सविता मारन सहित अन्य भी सम्मान किया गया।

# अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े 250 ग्राम सोने के जेवर किए साफ

## महिला चोर गिरोह ने सराफा दुकान को बनाया निशाना, छानबीन में लगी पुलिस

सीसीटीवी कैमरे में कैद वारदात, पुलिस कर रही चोरों की तलाश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले की तहसील गैरतगंज में दिनदहाड़े सराफा दुकान पर एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई। शनिवार को नगर के के श्रीराम जानकी मार्केट स्थित रानू ज्वैलर्स की दुकान पर 3 अज्ञात महिला चोरों ने करीब 250 ग्राम सोने के जेवरों से भरा डिब्बा पार कर दिया। चोरी गए जेवरों की कीमत लगभग 35 लाख रुपए बताई जा रही है। पूरी वारदात दुकान में लगे कैमरे में कैद हो गई है। घटना से नगर में सनसनी फैल गई।

घटना के बाद व्यापारी रानू ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने केवल 5 से 6 लाख रुपए की चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है, जबकि पीड़ित व्यापारी का दावा है कि चोरी जेवरों की कीमत 30 से 35 लाख रुपए के बीच है।

गैरतगंज थाना टीआई डीपी लोहिया ने चोरी के मामले में पुलिस की विशेष टीमें गठित की गई हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही इस वारदात का खुलासा किया जाएगा।

### भीड़ कम होते ही दिया वारदात को अंजाम

पुलिस ने बताया कि 3 महिलाएं ग्राहक बनकर दुकान में दाखिल हुईं। इनमें से 2 महिलाएं सूट और एक साड़ी पहने हुई थी। महिलाओं ने पहले जेवर देखने के बहाने दुकानदार को उलझाए रखा और जैसे ही दुकान में भीड़ कम हुई, सोने के आभूषणों से भरा डिब्बा लेकर निकल गईं। व्यापारी रानू ने बताया कि उन्हें चोरी का पता तब चला जब ग्राहकों की भीड़ कम हुई और स्टॉक मिलान किया। तब तक महिलाएं फरार हो चुकी थीं।

### बॉक्स में थे ये जेवर...

चोरी गए बॉक्स में पुराने गहनों के अलावा सोने के डबल कुंदा पेंडल 10 नग (करीब 30 ग्राम), सिंगल कुंदा पेंडल 30 नग (करीब 30 ग्राम), 6 सोने की अंगूठियां (करीब 25 ग्राम), हाय, ओम और गणेश पेंडल, बच्चों की छोटी सोने की बालियां तथा करीब 150 नग चपड़ा वाले दाने शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### सिलवानी नगर में आज 5 घंटे बंद रहेगी बिजली

**सिलवानी।** विद्युत वितरण कंपनी ने सूचना जारी की है कि रविवार दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक लगभग 5 घंटे के लिए बिजली सप्लाई बंद रहेगी। यह कटौती 11 केवी सिलवानी शहर फीडर एवं पड़ान फीडर से जुड़े क्षेत्रों में प्रभावी रहेगी। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि शहर में नई 11 केवी लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है। इसी आवश्यक तकनीकी कार्य के चलते सुरक्षा की दृष्टि से संबंधित फीडरों की सप्लाई अस्थायी बंद रखी जाएगी।

### पत्रकार रजनीश की मां का निधन, छाया शोक

**सांची।** नगर के बृजबिहारी श्रीवास्तव की धर्मपत्नी कृष्णकांता श्रीवास्तव का 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया है।



वह डॉ. नीलेश श्रीवास्तव तथा सम्राट अशोक पत्रकार संघ के अध्यक्ष एवं हरिभूमि समाचार पत्र के संवाददाता रजनीश श्रीवास्तव की पूजनीय माताजी थी। वह स्वभाव से बड़े ही धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी, उनका स्वर्गवास होने से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। 6 मार्च को निवास स्थान ग्राम संग्रामपुर में श्रद्धांजलि तथा तेरहवीं कार्यक्रम रखा गया है।

### पीएम आवास योजना के तहत पहली किस्त जारी

**रायसेन।** नगर पालिका द्वारा शनिवार को शहरी पीएम आवास योजना 2.0 के अंतर्गत 133 हितग्राहियों के खातों में प्रथम किस्त की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से जमा कराई। नपाध्यक्ष सविता जमना सेन ने कार्यक्रम में हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य हर जरूरतमंद परिवार को पक्का और सुरक्षित आवास उपलब्ध कराना है।वन क्लिक ट्रांसफर के जरिए राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में भेजी गई। जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। नगर पालिका कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद देवेंद्र यादव, वार्ड 8 के पार्षद कैलाश ठाकुर, प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशुतोष सिंह, आवास योजना प्रभारी पवन मीणा सहित नगर पालिका के कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष ने कहा पीएम आवास योजना 2.0 के तहत पात्रों को चरणबद्ध तरीके से आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

# सोजनी धाम मार्ग पर नीगरी नदी पर बड़े पुल एवं डामरीकरण की हुई प्रक्रिया तेज

### उप-राष्ट्रपति सचिवालय के पत्र के बाद लोक निर्माण विभाग को अविलंब कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

सिलवानी-नीगरी-सौजनी धाम मार्ग पर जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग ने सक्रियता दिखाई है। मंत्रालय से जारी पत्र के तहत नीगरी नदी पर बने रिपटा के स्थान पर एक बड़े पुल के निर्माण तथा पूरे मार्ग के पुनः डामरीकरण के संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

यह निर्देश उपराष्ट्रपति सचिवालय, नई दिल्ली से प्राप्त संदर्भित पत्र के आधार पर जारी किए हैं। मंत्रालय द्वारा प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन भोपाल, मुख्य अभियंता (भोपाल परिक्षेत्र) तथा मुख्य अभियंता (सेतु परिक्षेत्र) भोपाल को आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र प्रेषित किया है। विभाग को निर्देशित किया है कि विषय से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर शासन को शीघ्र प्रेषित किया जाए।



स्थानीय नागरिकों की लंबे समय से मांग थी कि नीगरी नदी पर बना रिपटा बरसात में आवागमन में बाधा बनता है। बड़े पुल के निर्माण से क्षेत्रवासियों को वर्ष भर सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। साथ ही सिलवानी से सौजनी धाम तक सड़क का पुनः डामरीकरण एवं नीगरी से सौजनी मार्ग की दोनों ओर साइड पटरी निर्माण की मांग भी शामिल है।

पत्र की प्रतिलिपि अवर सचिव, उपराष्ट्रपति सचिवालय नई दिल्ली को सूचनार्थ तथा ग्राम पंचायत नीगरी, तहसील सिलवानी, जिला रायसेन के प्रतिनिधि सुखलाल ग्रामपासी को भी प्रेषित की गई है। शासन स्तर पर कार्रवाई से क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

# फरार आरोपी को वन विभाग ने दबोचा

## वन विभाग की सतर्क कार्रवाई, वन्यजीव अवशेष व अहम साक्ष्य जब्त, आरोपी को न्यायालय ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

वन परिक्षेत्र पश्चिम सिलवानी सामान्य के वन अमले द्वारा वन अपराधों में फरार आरोपी आजाद पुत्र अजीम खां निवासी ग्राम खैरी को बीती 25 फरवरी को मुखबिर की सूचना पर ग्राम खैरी से वटेरा मार्ग पर गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी के पास से सांभर का एक सींग बरामद हुआ। तलाशी के दौरान आरोपी का मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। प्रारंभिक सर्चिंग में मोबाइल से अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त संबंधी व्हाट्सएप चैटिंग एवं वन क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटाई कर बिक्री करने से संबंधित रिकॉर्डिंग प्राप्त हुई है।

वन विभाग के अभिलेखों के अनुसार आरोपी आजाद पुत्र अजीम खां एवं उसके परिजनों- मुजाहिद पुत्र अजीम तथा सादाब पुत्र अजीम के विरुद्ध पूर्व से ही वन परिक्षेत्र पश्चिम सिलवानी अंतर्गत विभिन्न वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध हैं।

### आरोपी और उसके परिजन आदतन अपराधी

वन विभाग के अनुसार संबंधित आरोपी एवं उसके परिजन आदतन वन चोरी एवं अवैध कटाई में संलिप्त रहे हैं। विभागीय जांच में यह भी सामने आया कि वन क्षेत्र में अवैध कटाई कर, उसके पश्चात वरिष्ठ अधिकारियों को भ्रामक शिकायतें भेजकर स्थानीय वन कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव बनाने का प्रयास किया जाता रहा, जिससे वास्तविक अपराधों को छिपाया जा सके। तथापि विभाग द्वारा समय-समय पर प्रमाण संकलित कर विधिसम्मत प्रकरण दर्ज किए। आरोपी को न्यायालय रायसेन में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दिए।

#### शांति व सौहार्दपूर्ण मनाएं त्योहार

### होली-रंगपंचमी पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

होली और रंगपंचमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आपसी समन्वय पर विस्तार से चर्चा की। 2 मार्च को होली दहन, 4 मार्च को हुरियारों द्वारा रंग खेलने और रंगपंचमी के त्योहार पर जुलूस के दौरान निर्धारित समय और मार्ग का पालन किया जाए। बैठक में एसडीएम मनीष शर्मा, एसडीओपी नीलम चौधरी, थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल, श्री हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष रवि खत्री, बद्रीप्रसाद पाराशर एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

#### होलिका दहन पर महिलाएं करती हैं विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना

# ग्रामीण क्षेत्र में शुरू हुई होली की पारंपरिक तैयारियां, गोबर से बनाई जा रही मलरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

होली पर्व नजदीक आते ही क्षेत्र में पारंपरिक तैयारियां तेज हो गई हैं। ग्रामीण महिलाएं और बच्चे गोबर से मलरिया (होलिका प्रतीक) तैयार करने में लगे हैं, जिन्हें होली के दिन पूजन कर होलिका के साथ दहन किया जाएगा।

ग्रामीण अंचलों में वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार घर-घर में गोबर से विभिन्न आकारों की मलरिया बनाई जाती हैं। इन्हें सुखाकर सुरक्षित रखा जाता है और होली की संध्या पर पूजा-अर्चना के बाद होलिका में अर्पित किया जाता है। मान्यता है कि इससे परिवार और पशुधन की रक्षा होती है तथा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है।

**मान्यता : परिवार और पशुधन की रक्षा के साथ सुख समृद्धि का मिलता है आशीर्वाद ।**



क्षेत्र के गांवों में इन दिनों महिलाओं के समूह मलरिया बनाते हुए लोकगीत गाते दिखाई दे रहे हैं।

#### कार्यकर्ता व मित्रों ने दी बधाई

### मलखान सिंह बने कांग्रेस सेवादल सांची ब्लॉक अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



मप्र कांग्रेस सेवादल जिला रायसेन अध्यक्ष मेघराज चौहान द्वारा मलखान सिंह ठाकुर को संगठन में सांची ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया है। यह नियुक्ति कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवेंद्र पटेल की सहमति से की गई है। इनके मनोनयन पर रायसेन कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, हसीब हिन्दुस्तानी, दौलत सेन, प्रमोद साहू एड., हर्षवर्धन सिंह सोलंकी, कामता प्रसाद राजौरिया, प्रेम सिंह मीणा, असलम खान, संजीव मनोज शर्मा, सहित अन्य ने बधाई दी है।

#### प्रतिदिन गुजरते हैं सैकड़ों राहगीर

### खुले गड्ढे दे रहे हादसे को न्योता गड्ढे खोदकर ठेकेदार हुए गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र के सबसे व्यस्त माने जाने वाले फैक्ट्री चौराहा पर बिजली पोल लगाने के बाद ठेकेदार द्वारा छोड़े गए खुले गड्ढे अब बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। पोल गाड़ने के कई दिन बाद भी गड्ढों को नहीं भरा गया है, जिससे यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों में लगातार भय का माहौल बना हुआ है।

स्थानीय लोगों के अनुसार फैक्ट्री चौराहा से प्रतिदिन सैकड़ों दोपहिया, चारपहिया और ग्रामीण क्षेत्र से आने-जाने वाले वाहन गुजरते हैं। सड़क किनारे बना गहरा गड्ढा खासकर रात के समय दिखाई नहीं देता, जिससे कई वाहन चालक फिसलते-फिसलते बचे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते गड्ढों को बंद नहीं किया गया तो किसी भी दिन गंभीर सड़क दुर्घटना हो सकती है।



ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार ने पोल तो गाड़ दिए, लेकिन सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया। न तो गड्ढों को भरा गया और न ही चेतावनी संकेत लगाए गए। यह सीधे तौर पर आम लोगों की जान से खिलवाड़ है।

क्षेत्रवासियों ने बिजली विभाग और संबंधित ठेकेदार से तत्काल गड्ढों को भरवाने तथा सड़क को सुरक्षित बनाने की मांग की है।

### शिवपुराण मनुष्य को जीवन में सत्य का मार्ग दिखाती है : पं शैलेंद्र

# शिवपुराण कथा : शिव महिमा से गूंजा ग्राम पठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

क्षेत्र के ग्राम पठा में इन दिनों शिव भक्ति की गंगा प्रवाहित हो रही है। यहां शिवपुराण कथा का भव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है। आयोजन में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं। पूरा वातावरण हर-हर महादेवश के जयघोष से गुंजायमान हो रहा है। कथा का आयोजन पटेल मनीराम सिंह रघुवंशी, प्रहलाद सिंह रघुवंशी एवं लखन सिंह रघुवंशी के द्वारा कराया जा रहा है

व्यासपीठ से कथा वाचक पंडित शैलेंद्र कृष्ण महाराज ने भगवान शिव की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि शिव केवल देवों के देव ही नहीं, बल्कि सरलता, त्याग और करुणा के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि शिवपुराण कथा मनुष्य को जीवन में सत्य, संयम और संस्कारों का मार्ग दिखाती है। कथा में सती-शिव विवाह, माता पार्वती के जन्म तथा दक्ष यज्ञ प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। इन प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को यह संदेश दिया गया कि अहंकार का अंत निश्चित है और श्रद्धा.भक्ति ही जीवन का सच्चा आधार है।



### सकारात्मक ऊर्जा का हो रहा संचार

कथा स्थल पर प्रतिदिन आरती और भजन.कीर्तन का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें महिलाएं और युवा बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजन से गांव में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और सामाजिक एकता मजबूत होती है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से कथा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। शिवपुराण कथा के माध्यम से ग्राम पठा में आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता का सुंदर संदेश प्रसारित हो रहा है।

### शिवजी का जीवन हमें सादगी, धैर्य व समर्पण की प्रेरणा देता है

कथावाचक ने विशेष रूप से बच्चों की शिक्षा और संस्कारों पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय में माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों को धार्मिक और नैतिक मूल्यों से जोड़ें। शिवजी का जीवन हमें सादगी, धैर्य और समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव भक्तों की हर बाधा को दूर करने वाले हैं और सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य फल देती है।